# I.Q.A.C. Session 2020-21
# Internal Quality Assurance Cell
## (आंतरिक–गुणवत्ता उन्नयन परिषद)

**प्रथम बैठक**

श्रीमती नारायणी देवी वर्मा महिला शिक्षक–प्रशिक्षक महाविद्यालय की गठित आंतरिक गुणवत्ता परिषद शिक्षक शिक्षा को प्रभावी बनाने, छात्राध्यापिकाओं के उत्तम गुणवत्ता युक्त प्रभावी शिक्षा प्रदान करने, तथा छात्राओं का सर्वागीण विकास करने में निरन्तर प्रयत्नशील हैं, इस परिषद में निम्नलिखित सदस्य हैं

1. श्रीमती वंदना माथुर (चेयरमेन)
2. श्री वी.पी. माथुर (सदस्य मैनेजमेंट)
3. श्री प्रमोद तिवारी (सामाजिक कार्यकर्त्ता)
4. (A) श्री चन्द्र प्रकाश बाहेती (अभिभावक प्रतिनिधि)
   (B) श्री हेमेन्द्र सिंह चुण्डावत (अभिभावक प्रतिनिधि)
5. डॉ. अणिमा पुरोहित (प्राचार्य)
6. डॉ. ललिता एस. धुपिया (संयोजक)
7. डॉ. रेखा गौड़ (प्रशासक)
8. डॉ. शशि पाण्डेय (सदस्य)
9. डॉ. गुंजन (सदस्य)
10. श्रीमती निर्मला तापड़िया (सदस्य)
11. श्रीमती सुधा शर्मा (सदस्य)
12. सुश्री ममता उचेनिया (सदस्य)
13. श्रीमती चन्द्रकला सिंह (पुस्तकालयाध्यक्ष)
14. श्री योगेन्द्र टेलर (कार्यालय प्रशासक)
15. श्री गुरमीत सिंह (कार्यालय प्रशासक)

इस परिषद की प्रथम बैठक दिनांक 29.11.2020 को प्राचार्य कक्ष में आयोजित की गई। प्राचार्य डॉ. अणिमा पुरोहित ने सभी सदस्यों का स्वागत किया और बताया कि इस परिषद का उद्देश्य महाविद्यालय द्वारा सभी गतिविधियों को प्रभावी ढंग से सम्पन्न करवाना है तत्पश्चात् डॉ ललिता एस. धुप्या ने सत्र 2019–2020 में सम्पन्न हुए कार्यो की रूपरेखा पर प्रकाश डाला जो इस प्रकार है ।

1. महाविद्यालय में प्रारम्भ से ही सत्र 2019 व 2020 के पंचाग के अनुसार सभी कार्य सम्पन्न करवाये गये ।
2. जनवरी, फरवरी माह में छात्रों के सत्रीय कार्य एकत्रित कर उनका मूल्यांकन कार्य करवाया गया ।
3. जनवरी के अन्तिम सप्ताह में छात्राओं को जागृति, शक्ति, प्रगति व समृद्वि सदनों में विभाजित कर स्टॉफ प्रतिनिधि सभी सदनों में मनोनित कर जनवरी फरवरी माह में अर्न्तसदनीय सांस्कृतिक साहित्यिक प्रतियोगिताएं सम्पन्न करवाई गई
4. संस्था का प्लेटिनम जुबली का दिन धुमधाम से मनाया गया, पीपीटी प्रदर्शन किया गया, मेले का आयोजन किया गया

Scanned with CamScan

5. प्रेरणा दिवस पर 17 दिसम्बर को श्रीमती सुशीला जी माथुर को श्रृद्धांजली अर्पित कर रक्तदान शिविर का आयोजन व पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया ।
6. सत्र भर छात्राओं की नियमित सैद्धान्तिक कक्षाऐं आयोजित करवाई गयी । सभी कार्य व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न हुए किन्तु मार्च 2020 में कोरोना के आगमन से छात्राओं की द्वितीय परख परीक्षा ऑनलाईन करवाई गई ।
7. स्टॉफ सदस्यों ने अन्य महाविद्यालयों में सम्पन्न हुए सेमिनार में भाग लिया
8. बी.ए.बी.एड.की छात्राओं की वर्कशॉप तथा सामुदायिक कार्य सम्पन्न कारवाया गया ।
9. लॉकडाउन होने के कारण शेष रहे कुछ कार्य व सैद्धान्तिक कक्षाएं ऑनलाईन मोड से सम्पन्न करवाये गये ।
10. छात्राओं की समस्याओं के समाधान पर विशेष ध्यान देकर उन्हें व्यक्तिगत परामर्श दिया गया
11. 18.10.2020 से 24.10.2020 तक बी.ए. बी.एड. बी.एड. के ऑनलाईन प्रवेश कार्य सम्पन्न हुए। दिनांक 2 दिसम्बर से 7 दिसम्बर तक बी.एड. के ऑन लाईन का कार्य सम्पन्न हुआ।
12. 17.12.2020 को संस्था की पूर्व अध्यक्षा की श्रद्धांजलि सभा रखी जावेगी, जिसमें स्टाफ सदस्यों ने श्रद्धांजलि प्रदान की जावेगी ।

उपरोक्त तथ्यों की जानकारी के पश्चात् सभी सदस्यों से आगामी योजना के क्रियान्वयन के लिए निम्न सुझाव प्रस्तुत किये गये,

1. महाविद्यालय संकाय सदस्यों का शैक्षिक विकास करने हेतु प्रेरित किया जाए
2. अनुसंधान करने, सेमीनार, वर्कशॉप इत्यादि में जाने हेतु प्रेरित किया जाए
3. शिक्षकों को ICT के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जाए ताकि महामारी के इस दौर में ऑन लाइन शिक्षण हेतु अधिकाधिक वीडियों बनाने के लिए, ई वोर्ड प्रयुक्त करने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया जाए।
4. महाविद्यालय के गुणात्मक विकास हेतु अधिकाधिक प्रयास किये जाए।
5. कोविड महामारी में कोविड गाइड लाइन का पालन करने हेतु स्टाफ व छात्राओं को प्रेरित किया जाये।
6. ऑनलाईन शिक्षण के लिए महाविद्यालय में पृथक कम्प्यूटर कक्ष की व्यवस्था की जाए।
7. छात्राओं की ऑनलाईन परीक्षा की व्यवस्था की जाए।
8. विभिन्न कमेटियों का निर्माण करना।
9. अनुस्थापन कार्यक्रम द्वारा सुयोग्य शिक्षक बनने की जानकारी दी जाएं।

अंत में प्राचार्या जी द्वारा उपरोक्त सभी सुझावों को अपनाने का आश्वासन दिया। सभी सदस्यों को धन्यवाद देकर बैठक का समापन किया।

Scanned with CamScan

# I.Q.A.C. Session 2020-21
# Internal Quality Assurance Cell
## (आंतरिक–गुणवत्ता उन्नयन परिषद)

**द्वितीय बैठक**

श्रीमती नारायणी देवी वर्मा महिला शिक्षक–प्रशिक्षक महाविद्यालय की गठित आंतरिक गुणवत्ता परिषद शिक्षक शिक्षा को प्रभावी बनाने, छात्राध्यापिकाओं के उत्तम गुणवत्ता युक्त प्रभावी शिक्षा प्रदान करने, तथा छात्राओं का सर्वांगीण विकास करने में निरन्तर प्रयत्नशील हैं, इस परिषद में निम्नलिखित सदस्य हैं

1. श्रीमती वंदना माथुर (चेयरमेन)
2. श्री वी.पी. माथुर (सदस्य मैनेजमेंट)
3. श्री प्रमोद तिवारी (सामाजिक कार्यकर्त्ता)
4. (A) श्री चन्द्र प्रकाश बाहेती (अभिभावक प्रतिनिधि)
   (B) श्री हेमेन्द्र सिंह चुण्डावत (अभिभावक प्रतिनिधि)
5. डॉ. अणिमा पुरोहित (प्राचार्य)
6. डॉ. ललिता एस. धुपिया (संयोजक)
7. डॉ. रेखा गौड़ (प्रशासक)
8. डॉ. शशि पाण्डेय (सदस्य)
9. डॉ. गुंजन (सदस्य)
10. श्रीमती निर्मला तापड़िया (सदस्य)
11. श्रीमती सुधा शर्मा (सदस्य)
12. सुश्री ममता उचेनिया (सदस्य)
13. श्रीमती चन्द्रकला सिंह (पुस्तकालयाध्यक्ष)
14. श्री योगेन्द्र टेलर (कार्यालय प्रशासक)
15. श्री गुरमीत सिंह (कार्यालय प्रशासक)

द्वितीय बैठक 28.04.2021 को कोरोना के कारण ऑन लाईन गूगल मीट द्वारा रखी गई। जिसमें सत्र 2020–2021 में सम्पन्न हुए कार्यो पर प्रकाश डाला गया ।

1. इस वर्ष प्रवेश कार्य पीटीईटी परीक्षा के माध्यम से बी.ए.बी.एड. के अक्टूम्बर माह में व बी. एड. के दिसम्बर माह के प्रथम सप्ताह में ऑनलाईन सम्पन्न किये गये अतः सत्र का शुभारम्भ देर से हुआ
2. इस सत्र में महिला शशक्तिकरण पर जूम एप पर वेबिनार रखा गया जिसमें सभी सदस्यों ने भाग लिया ।
3. बी.एड. द्वितीय वर्ष की बाह् प्रायोगिक परीक्षा भी आन्तरिक परीक्षा समिति के सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय निर्देशोनुसार सम्पन्न करवाई गई ।
4. युवा दिवस पर ऑनलाईन वार्ता विवेकानन्द केन्द्र द्वारा करवाई गई जिसमें स्टॉफ सदस्यों व छात्राओं ने भाग लिया ।
5. कोविड महामारी के कारण सरकारी निर्देशानुसार छात्राओं की ऑनलाईन सैद्वान्तिक कक्षाएं लगाई गई ।

Scanned with CamScan

6. 18 जनवरी 2021 से बी.ए.बी.एड. व बी.एड. की ऑफलाईन कक्षाएं प्रारम्भ की गई । जिसमें कोविड गाईडलाईन का कड़ाई से पालन किया गया । 50 प्रतिशत छात्राओं की उपस्थिति अभिभावकों से अनुमति लेकर सुनिश्चित की गई ।
7. 4 फरवरी 2021 से 8 फरवरी 2021 तक बी.एड.छात्राओं के आलोचनात्मक पाठ सम्पन्न करवाये गये ।
8. 16 फरवरी 2021 को बसन्त पंचमी के दिन हवन का आयोजन किया गया तत्पश्चात् छात्राओं के लिए भजन प्रतियोगिता रखी गई ।
9. 1 मार्च 2021 से बी.एड. द्वितीय वर्ष व बी.ए.बी.एड. चतुर्थ वर्ष की छात्राओं के आन्तरिक मूल्यांकन के टेस्ट रखे गये । अन्य कक्षाओं की छात्राओं की नियमित कक्षाएं चलाई गई ।
10. 8 मार्च 2021 को महिला दिवस मनाया गया
11. 07.04.2021 से 11.04.2021 तक बी.ए.बी.एड. चतुर्थ वर्ष की छात्राओं के आलोचनात्मक पाठ सम्पन्न करवाये ।

उपरोक्त तथ्यों की जानकारी के पश्चात् सभी सदस्यों ने ऑनलाईन बातचीत की और आगे की योजना के कियान्वयन हेतु निम्न सुझाव प्रस्तुत किये ताकि महाविद्यालय की गुणवता को उपर उठाने में योगदान दे सके ।

महाविद्यालय संकाय के सदस्यों द्वारा जमा की गई पी.एच.डी. के वायवा हेतु उनके द्वारा प्रयास किए गए।

1. स्टाफ सदस्य व छात्रों द्वारा सेमीनार व वर्कशॉप में भाग लिया गया।
2. शिक्षकों को आई.सी.टी. के अन्तर्गत गूगल मीट, जूम आदि का प्रयोग करना सीखाया गया।
3. कोविड महामारी के कारण नो मास्क नो एंट्री की पालना की गई, जिसमें सभी स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी पूर्णरूप से प्रतिबद्ध रहे।
4. ऑनलाईन शिक्षण की व्यवस्था कम्प्यूटर कक्ष में संचालित की गई।
5. छात्रों की परीक्षाएं ऑन लाईन मोड पर ली गई।
6. अनुस्थापना कार्यक्रम द्वारा सुयोग्य शिक्षक बनाने की जानकारी उन्हें बी.एड. पाठ्यक्रम के आधार पर दी गई।
7. शिक्षण कार्य व शिक्षण व्यवस्था सुचारू रूप से चले इसके लिए विभिन्न कमेटियां गठित की गई।

अंत में प्राचार्या जी द्वारा सभी सदस्यों का धन्यवाद देकर बैठक का समापन किया।

Scanned with CamScan